राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 501 / 2023 दिनांकः— 04 फरवरी, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
बी0एस0 डिग्री कालेज, रायपुर खास, अतरौली, अलीगढ़
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण के सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक दिनाक 19.10.2022 में गठित उप समिति की संस्तुति पर निर्णय लिया गया था कि जिस महाविद्यालय में स्नातक / परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में पंजीकृत छात्रों की संख्या 250 होगी, उनको परीक्षा केन्द्र बना दिया जाये तथा जिन महिला महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या 100 (± 25) अर्थात 75 अथवा 75 से अधिक होगी, ऐसे महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बना दिया जाये।

उक्त के अनुपालन में जिस महाविद्यालय पर उपर्युक्तानुसार वेब रजिस्ट्रेशन थे, उनको परीक्षा केन्द्र बना दिया गया था। परीक्षा फार्म भरने के समय आपके महाविद्यालय पर मानक से कम अर्थात् 144 विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरे गये। इस पर मा0 कुलपति जी द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है तथा यह तथ्यों के साथ छेड़छाड़ का प्रतीक है।

उपर्युक्त के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिवस में अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करना सुनिश्चित करे। आपका उत्तर प्राप्त न होने की दशा में यह समझा जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और प्रकरण का एक पक्षीय निस्तारण कर दिया जायेगा।

भवदीय,

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़ परिक्षेत्र।
03. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव